# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल)   सह सम्पादक : पाय० महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल), पाय. केशव प्रसाद शिवहरे   पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

☎ : 05947-252841

**Pioneerism, A commitment to Humanity**

**18 फरवरी 2013**   **सहयोग राशि रु. 250/- वार्षिक**   **अंक-340**


## निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

- **917 वाहन स्वामियों ने ग्रीन कार्ड के लिए जमा किये कागजात**
- **लापरवाही व यातायात नियमों की अनदेखी से होती है दुर्घटनाऐं - डॉ. बलकार सिंह डीएम (आईएएस)**
- **यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के होंगे हर संभव प्रयास - मोहित गुप्ता (आईपीएस) पुलिस अधिक्षक**
- **अतिक्रमण दुर्घटना का कारण - सी.ओ. यातायात**
- **यातायात नियमों का पालन सभी के लिए आवश्यक - केशव शिवहरे, अध्यक्ष**

**चित्रकूट, 22 नवम्बर 2012।** पुलिस अधिक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचन्द की देखरेख में शासन की मंशानुरूप यातायात माह नवम्बर के विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस व वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद




*शिविर को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. बलकार सिंह (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी चित्रकूट, मंचासीन पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आई.पी.एस.) व अन्य*




*नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक मोहितगुप्ता (आई.पी.एस.) मंचासीन मुख्य अतिथि डॉ. बलकार सिंह (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी चित्रकूट व अन्य*

की प्रमुख समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब व यातायात पुलिस ने नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर का आयोजन किया।

यातायात पुलिस के तत्वावधान में समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा आयोजित नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह (आईएएस) व पुलिस अधिक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) ने मौके पर पाँच वाहन स्वामियों को नि:शुल्क ग्रीन कार्ड देकर शिविर का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम जनता को अवश्य लाभ मिलता है। समाजसेवी संस्था पायनियर्स क्लब इस जनपद में वर्ष 2000 से इस तरह के आयोजनों में प्रमुखता से कार्य करती है। अत्यन्त ही प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे एवं समस्त टीम के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी बधाई के पात्र हैं जो इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा ग्रीन कार्ड होने से कई परेशानियों से बचा जा सकता है। वाहन चलाते समय हेलमेट व बेल्ट लगाना अत्यन्त जरूरी होता है। अपने विद्यार्थी जीवन की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। आजकल यातायात नियमों की अनदेखी ज्यादातर नवयुवकों द्वारा की जा रही है। इसके चलते सड़क दुर्घटनाऐं बढ़ रही है। उन्होंने कहा जुर्माना लगाने से यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं होगा बल्कि इसके लिए जागरूकता भी आवश्यक है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। पायनियर्स क्लब द्वारा ऐसे आयोजन करना प्रसन्नता की बात है। नि:शुल्क ग्रीन कार्ड देना और लोगों को जागरूक करना सशक्त व सार्थक पहल है। वाहन चलाते समय मोबाइल से बातचीत करने वालों को भी उन्होंने सचेत किया कि इस तरह की प्रवृत्ति जानलेवा साबित होने के साथ ही दूसरों को भी नुकसान पहुँचा सकती है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता ने कहा चित्रकूट धाम पवित्र नगरी में लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते है ऐसे में यहाँ पर यातायात व्यवस्था एवं जागरूकता और भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारी और वाहन चलाते


*शेष पृष्ठ 2 पर....*

# निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

पृष्ठ 1 का शेष



निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर को सम्बोधित करते संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे



स्वागत गीत प्रस्तुत करती संत थॉमस स्कूल की बालिकायें

समय यातायात नियमों का उलंघन करने वाले अपनी आदत सुधार लें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने इस जनजागरण आयोजन की सफलता के लिए संस्था के पदाधिकारियों व अध्यक्ष केशव शिवहरे की सराहना करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कराने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। उनके द्वारा कहा गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला एवं अतिक्रमणकारी कितना भी प्रभावी हो बख्सा नहीं जाऐगा। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चला कर कार्यवाही करने के निर्देश जारी कर दिए गये हैं। समस्त थानाध्यक्षों सहित यातायात विभाग के निर्देशित किया गया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों का ग्रीन कार्ड जमा कर निरस्त कर दिया जाय। इसके पूर्व मंचासीन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का पायनियर्स क्लब क्हे अध्यक्ष केशव शिवहरे द्वारा पुण्य गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में संत थॉमस स्कूल की बालिकाओं द्वारा भी नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री शिवहरे ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि संस्था द्वारा इस तरह आयोजन विगत 12 वर्षों से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा संस्था द्वारा कोई भी सामाजिक कार्य हो निःशुल्क कराये जाते हैं।



मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत करते संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे

सी.ओ. सिटी सुरेश चन्द्र रावत ने कहा कि सबसे ज्यादा मौते दुर्घटनाओं में हो रही है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। प्रभारी यातायात मधुसुदन मिश्र ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि यहाँ की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो परन्तु इसके लिए आम जनता का भी सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों की सिफारिश करना भी एक सामाजिक अपराध है। यातायात नियमों का पालन करने में यातायात पुलिस का सहयोग करें। जिससे दुघटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। अतिक्रमण करने वालों को हिदायत देते हुए कहा कि दी गई निर्धारित समय सीमा के अन्दर चिन्हित क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कर दें। शिविर में वाहन चालकों को सुविधा ध्यान में रखते हुए बीमा एवं वाहनों को प्रदूषण की जाँच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर 917 वाहन चालकों ने निःशुल्क ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। मंचासीन अतिथियों एवं समस्त जनसमूह का आभार सी.ओ. यातायात देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वाहन का बीमा समय से अवश्य कराये जिससे जान-माल दोनों की रक्षा हो सके। कार्यक्रम का संचालन सुशील शुक्ला ने किया। इस अवसर पर एसडीएम बी.के.गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी एस.के. कबीर, प्रतिसार निरीक्षक हजारीलाल, प्रभारी कोतवाली विष्णुपाल सिंह, ई.ओ. नगर पालिका लालचन्द्र सरोज, पायनियर्स क्लब के पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ. विभांशु गुप्ता, डॉ. प्रबोध अग्रवाल, विनोद गुप्ता, गोपी किशन अग्रवाल, प्रेमनरायन गुप्ता, सुनील सुहाने, अनूप गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, शारदा गुप्ता, अरूण गुप्ता, दीपचन्द्र अग्रवाल, यातायात पुलिस के समस्त स्टाफ सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## शोक संवेदना

इण्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुरादाबाद पायनियर्स के अध्यक्ष एल.सी. अरोरा की पूज्य माता श्रीमती कृष्णा देवी अरोरा, उम्र लगभग 90 वर्ष के निधन पर सम्पूर्ण पायनियर्स के सदस्यों ने अपनी गहन संवेदना व्यक्त की तथा परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवार के सदस्यों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

ओउम् शान्ति, ओउम् शान्ति, ओउम् शान्ति, ओउम् शान्ति।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

- शैक्षिक संस्थानों के बाहर होगी नियमित वाहन चैकिंग - पुलिस अधीक्षक
- यातायात नियमों का पालन सख्ती से कराया जाय - अध्यक्ष
- यातायात नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्यवाही - सी.ओ.



वाद-विवाद प्रतियोगिता में एकत्र जनसमूह व प्रतिभागी




वाद-विवाद को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) एवं मंचासीन सीओ यातायात देवेन्द्र सिंह, सीओ सिटी सुरेश चन्द्र रावत व संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे

**चित्रकूट, 27 नवम्बर 2012।** यातायात नियमों का पालन जन जागरूकता से नहीं, केवल कानून की सख्ती से होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में चित्रकूट इण्टर कॉलेज की छात्रा अभिलाषा त्रिपाठी प्रथम, राजकीय गर्ल्स कॉलेज की छात्रा नम्रता पटेल द्वितीय व ज्ञान भारती इंटर कॉलेज की छात्रा योगिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को मुख्यालय के चित्रकूट इण्टर कॉलेज के सभागार में पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) के निर्देश पर पूर्वान्ह 11 बजे से यातायात पुलिस व पायनियर्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में चित्रकूट इण्टर कॉलेज, ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मन्दिर, जनसेवा इंटर कॉलेज एवं सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में वक्ताओं ने यातायात पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार के साथ यातायात नियमों का पालन सख्ती से करने पर विधिवत चर्चा की। वक्ताओं ने दिए गये विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखें। परन्तु ज्यादातर प्रतिभागियों एवं विजेता प्रतिभागियों की यही राय थी कि यातायात नियमों का पालन बिना सख्ती से किसी भी दशा में सम्भव नहीं है। वक्ताओं की बात सुनकर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सख्ती से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि महानगरों की अपेक्षा यहाँ संसाधन के साथ जागरूकता की भी कमी है। उन्होनें आयोजन के लिए इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे व प्रभारी यातायात मधुसूदन मिश्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के गेट के सामने नियमित जांच कराया जायेगा क्योंकि विद्यालयों में छात्र वाहनों से आते है जो कि गलत है जब तक वे वाहन चलाने के लिए वैध न हो वाहन नहीं चलाना चाहिए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यार्थियों पर भी आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। सी.ओ. सीटी सुरेश चन्द्र रावत ने कहा कि हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में सड़क दुर्घटनाओं से मौत हो रही है। हम सबको नैतिक धर्म की तरह यातायात नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने इंजीनियरिंग इनफोर्समेंट व एजुकेशन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि समय-समय पर हम यातायात विभाग के साथ मिलकर ऐसे आयोजनों को प्रमुखता से करते रहेंगे ताकि लोगों में जागरूकता पैदा हो और वे अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन की भी रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने नवयुवकों से अपील की वाहन चलाते समय ऐसी कोई हरकत न करें जिससे वे स्वयं दुर्घटनाओं का शिकार हो और सड़क पर चलने वालों की भी क्षति हो।

सीओ यातायात देवेन्द्र सिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सीओ यातायात देवेन्द्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक हजारीलाल एवं संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे को जिम्मेदार सौंपी गई थी। इस अवसर पर डॉ. सीताराम गुप्ता, डॉ. प्रबोध अग्रवाल, डॉ. रणवीर सिंह चौहान, डॉ. सुधीर अग्रवाल, ईओ नगर पालिका लालचन्द्र सरोज, यातायात प्रभारी मधुसूदन मिश्र, हे.का. महेन्द्र कुमार, दीपक सिंह, दीपक कुमार, जमाल खां, त्रिभुवन सिंह, छोटेलाल, भारतेन्दु सिंह, जगदेव कछवाह, पत्रकार बन्धु एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

## महावीर के तीर

कितना भी तुम लूट लो, नहीं जायेगा संग।
चौटाला का घोटाला, सुनकर रह गये दंग।
सुनकर रह गये दंग, शर्म इनको नहीं आती।
इनका वश यदि चले, बेच दें देश की माटी।
कह मधुर कविराये, अभी बहुत हैं शेष।
ऐसे भ्रष्ट नेताओं से, भरा पड़ा है देश।

# यातायात माह नवम्बर का




वाहन स्वामिनी को निःशुल्क ग्रीन कार्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि मा. जिला न्यायाधीश शक्तिकान्त, डीएम डॉ. बलकार सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता




संस्था की ओर से टीएसआई मधुसूदन मिश्र को प्रशस्ति पत्र व शॉल प्रदान करते मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश मा. शक्तिकांत, जिलाधिकारी डा. बलकार सिंह व पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता

**जिले में** पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता के निर्देशन में चलाया जा रहा यातायात माह नवम्बर 2012 का समापन बुधवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि रहे जिला जज शक्तिकांत व जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह द्वारा यातायात माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरूष्कृत किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे जिला जज शक्तिकांत व जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता द्वारा पांच लोगों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड प्रदान किया गया। जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि यह बहुत ही चिंता का विषय है कि आपका जीवन अमूल्य है। इसके लिए भी हमें गोष्ठियों एवं जन जागरूकता का आयोजन आयोजित करने पड़ते है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए कहा कि हमारे लिये कितने खेद का विषय है कि रोड दुर्घटनाओं के विषय में हमारे देश का नाम पूरे विश्व में शीर्ष स्थान पर है। सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले ज्यादातर लोग पढ़े लिखे नवयुवक होते हैं। पढ़े लिखे लोग ही दुर्घटना का कारण बताते है, ऐसा नहीं है कि यहां के लोग जागरूक नहीं है। या उन्हें यातायात नियमों की जानकारी नहीं है। बल्कि जानबूझकर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। 78 प्रतिशत दुर्घटनायें चालक की लापरवाही से होती है। शेष में अन्य कारण होते हैं।

इसके पूर्व चन्द्रशेखर सिंह के निर्देशन मे पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलेज पहाड़ी के बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। पूरे यातायात माह की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए यातायात विभाग द्वारा पूरे माह आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किये। और पूरे कार्यम में पूर्ण मनोयोग से एवं कुशल आयोजन कराने के लिए पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष एवं उनकी टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसी संस्था को भागीदारी से कार्यक्रम सदैव अच्छे रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभारी यातायात मधुसूदन मिश्र की सक्रियता से जनपद में पिछले वर्ष के मुकाबले पांच गुना शमन वसूल करने के साथ-साथ हजारों वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। इसके साथ मुख्यालय के सभी विद्यालयों में वाद-विवाद व चित्रकला की प्रतियोगिता करायी गयी। तथा उन्होंने बताया कि तीन हजार एक सौ सैंतालीस वाहनों का चालान कर चार लाख इक्कीस हजार नौ सौ पचास रुपये का जुर्माना वसूला गया।

जिलाधिकारी डॉ. बलकार सिंह द्वारा पूरे यातायात माह में किये गये आयोजनों की प्रंशसा करते हुए कहा कि ऐसे छोटे जिले में इस तरह के आयोजन निश्चित रूप से प्रेरणा दायक है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का उल्लंघन करना अच्छी बात नहीं है, जागरूकता के साथ-साथ हमें यह समझना चाहिए कि हमारी थोड़ी सी लापरवाही किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस के तत्वावधान में संस्था द्वारा निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरण हुआ। निश्चित रूप से बहुत सराहनीय है। जैसा कि मुझे मालूम हुआ कि केशव शिवहरे एवं उनके पदाधिकारी द्वारा वर्ष 2000 से इस तरह के जनहित के कार्य यातायात विभग के साथ मिलकर सम्पादित किये जाते है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ साथ हमें अपने नैतिक दायित्वों पर भी ध्यान देना चाहिये, कि वह स्वतः अपने द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा शक्ति से हटवाया जायेगा। जिला जज शक्तिकांत ने अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी बलकार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों के रहते हुए यहां की कानून व्यवस्था
कभी बिगड़ ही नहीं सकती। उन्होंने कहा इतने कम संसाधनों में इतनी अच्छी यातायात व्यवस्था पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता की देन है। जब तक वे हैं कानून के उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं है। कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा इस जिलें में कानून तोड़ने वालों की संख्या अधिक है। परन्तु पुलिस अधीक्षक की सक्रीयता से इस पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि बिना समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग के ऐसे कार्यक्रम सम्भव नहीं है। उन्होंने पूरे यातायात माह में पायनियर्स क्लब की सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि जनपद में ऐसी भी संस्था है जो किसी सरकारी या गैर सरकारी अनुदान लिये बगैर ऐसे जनहित के कार्यक्रमों को आयोजित करते हैं। जिला की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये विभाग द्वारा किये गये कार्यों की प्रसन्नता की। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही पूरे यातायात माह में कुशल एवं सुदृढ़ आयोजन के लिये संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। पायनियर्स क्लब द्वारा प्रभारी यातायात मधुसूदन मिश्रा, मुख्य आरक्षी महेन्द्र सिंह, छोटेलाल एवं दीपक सिंह चौहान को यातायात माह के दौरान जनता के प्रति सद्व्यवहार व कुशल कार्यशैली के लिये प्रशस्ति पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश पाल, एसडीएम

# इण्टरनेशनल पायनियर क्लब, मुरादाबाद माह जनवरी 2013 की मासिक रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** इण्टरनेशनल पायनियर क्लब, मुरादाबाद शाखा की माह जनवरी 2013 की मासिक पारिवारिक सभा दिनांक 19.01.2013 को 'मैसानिक लॉज' में सम्पन्न हुई। सभा की अध्यक्षता करते हुए पाय. एल.सी. अरोरा ने सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनायें देते हुए पिछले वर्ष में किये गये सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला और नववर्ष में क्लब की सदस्यता वृद्धि करने हेतु प्रत्येक सदस्य को अपने साथ एक नया सदस्य जोड़ने हेतु आवाहन किया। क्लब सचिव पाय. अनूप टण्डन ने भी सभी सदस्यों को नववर्ष की बधाई के साथ उपस्थित सदस्यों का अभिनन्दन किया। इसके उपरान्त सभा का संचालन पाय. एम.सी. गुप्ता एवं श्रीमती गुप्ता द्वारा किया गया। सदस्यों के मनोरंजन एवं ज्ञानवृद्धि हेतु गुप्ता दम्पत्ति द्वारा विभिन्न प्रकार के पेपर गेम, कपल गेम, हाऊजी व मनोरंजक प्रश्नोत्तरी द्वारा सभी का मन मोह लिया। प्रश्नोत्तरी के सदस्यों के बच्चों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया और पुरस्कार प्राप्त किये।

नींबू गेम में पाय. बी.के. रस्तौगी प्रथम, पाय. कमल रस्तौगी द्वितीय एवं श्रीमती रितु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कपल गेम में श्रीमती रितु ने प्रथम, शशी रस्तौगी द्वितीय एवं एलसी अरोरा तृतीय स्थान पर रहे। हाऊजी में श्रीमती शशी बाली ने प्रथम हाऊस जीतकर सभी को पछाड़ दिया। कु. अरशिता अग्रवाल ने द्वितीय, श्रीमती चंचल टण्डन तृतीय और पा. एससी अरोरा चतुर्थ हाऊस जीता। सभी विजेताओं को क्लब की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 14 जनवरी 2013 को क्लब के सदस्यों द्वारा दिन में खिचड़ी वितरण तथा रात्रि में ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। महानगर में अत्यन्त प्रचण्डशीत को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर रात्रि अलाव जलाने की व्यवस्था भी की गई। सभा के अन्त में कोषाध्यक्ष पाय. कमल रस्तौगी द्वारा अब तक भी आय-व्यय पर प्रकाश डाला और सदस्यों के प्रोजेक्टों हेतु धन जुटाने का अनुरोध किया। इसके बाद राष्ट्रीय गान के साथ सभा समाप्त हुई और सभी सदस्यों द्वारा स्वरूचिभोज का आनन्द लिया गया। सभा में पाय. अरविन्द अग्रवाल, अंकुर रस्तौगी, अनूप टण्डन, जेके बाली, एससी अरोरा, एमसी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## मुरादाबाद पायनियर सदस्यों की सूची

*पाय. एल.सी. अरोरा (अध्यक्ष)*
*118-आजादनगर, रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद*
*मो. : 9319747969*

*पाय. अनूप टण्डन (सचिव)*
*सीएल गुप्ता, वर्ल्ड स्कूल के पीछे*
*रामगंगा विहार, फेस-2, मुरादाबाद*
*मो. : 9897754374*

*पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी (कोषाध्यक्ष)*
*गनेश स्ट्रीट, मंडी चौक, मुरादाबाद*
*मो. : 9219533743*

*पाय. अरविन्द अग्रवाल (उपाध्यक्ष)*
*सी.-2, गांधीनगर, मुरादाबाद*
*मो. : 9837149465*

*पाय. अंकुर रस्तौगी (उपसचिव)*
*आदर्श विला, बी.-44, गांधीनगर, मुरादाबाद*
*मो. : 9837149465*

*पाय. एस.सी. अरोरा (निदेशक)*
*बी.-640/5, लाजपत नगर, मुरादाबाद*
*मो. : 9410612132*


*पाय. जे.के. बाली (सदस्य)*
*99-आजाद नगर, रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद*
*मो. : 9412635296*

*पाय. एम.सी. गुप्ता (सदस्य)*
*ब्लाक-ए., गली नं.-3, गोविन्द नगर, मुरादाबाद*
*मो. : 9412552564*

*पाय. मुकेश लालवानी (सदस्य)*
*एम.आई.जी.-130 रामगंगा विहार, फेस-2, मुरादाबाद*
*मो. : 9410828680*

*पाय. अशोक तोमर (मानद सदस्य)*
*आजाद नगर, रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद*

## शाखायें अपने सभी सदस्यों का नवीनीकरण एवं पंजीकरण करायें : पाय. संतोष मेहरोत्रा



इण्टरनेशनल पायनियर्स की विभिन्न शाखाओं द्वारा अपने समस्त सदस्यों का पंजीकरण प्रधान कार्यालय में न कराने की प्रवृत्ति पर इण्टरनेशनल पायनियर्स के संस्थापक संतोष कुमार मेहरोत्रा ने चिन्ता व्यक्त की है तथा समस्त शाखाओं के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने समस्त सदस्यों का पूर्ण पंजीकरण प्रधान कार्यालय में करवाए तथा उसी के अनुरूप शुल्क प्रधान कार्यालय में जमा करवाए।

इण्टरनेशनल पायनियर्स प्रधान कार्यालय सदस्यों के सहयोग पर ही आश्रित हैं। इसकी आमदनी का अन्य कोई स्रोत नहीं है। पायनियर्स चेतना के निरन्तर प्रकाशन में भी आर्थिक कठिनाई के कारण बाधा उत्पन्न हो रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पायनियर्स अरूण यादव भी इस सम्बन्ध में सब शाखाओं को परिपत्र भेजकर इनके सदस्यों का पूर्ण विवरण भेजने का अनुरोध कर चुके हैं। परन्तु अभी तक बहुत सी शाखाओं ने परिपत्र नहीं भरा है और न भेजा है।

वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्शों वाली संस्था को स्वयं अनुशासन में रहकर कार्य करना चाहिए। किसी भी नये सदस्य की सदस्यता प्रदान करना प्रधान कार्यालय का कार्य है। शाखायें प्रधान कार्यालय के अनुमोदन के उपरान्त ही किस व्यक्ति को सदस्य बना सकती है। दिल्ली पायनियर्स क्लब के तथा दिल्ली ईस्ट के सदस्यों से भी संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने निवेदन किया है कि प्रधान कार्यालय के अनुमोदन के उपरोक्त ही इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के नाम से कार्यक्रम करें। उनसे प्रधान कार्यालय का नवीनीकरण शुल्क शीघ्र जमा करने का निवेदन किया।

## नववर्ष का कार्यक्रम मनाया गया

**रामनगर।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब रामनगर ने कृष्णा गार्डन में 31 दिसम्बर को नववर्ष का कार्यक्रम उल्लासपूर्वक मनाया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि कलाकारों द्वारा गजल एवं भजन आदि प्रस्तुत किये गये एवम् अतिथि कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। घनघोर ठंड एवं कोहरे के बावजूद भी रामनगर पायनियर्स के अधिकांश सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। अनेक अतिथियों ने भी इस कार्यक्रम में भागीदारी की गई। कार्यक्रम संचालन पायनियर्स तनु चड्ढा एवं पायनियर्स संजीव शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

# रैली निकाल कर समझाया सड़क पर चलने का सलीका

- यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी - मोहित गुप्ता (एसपी)
- सड़क दुर्घटनाओं से हो रही ज्यादा मौतें - केशव दास (एडीएम)
- दुर्घटनाओं का कारण चालकों की लापरवाही - केशव शिवहरे, संस्था अध्यक्ष

**चित्रकूट, 7 नवम्बर 2012।** पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) ने यातायात करते हुए कहा कि धर्मनगरी चित्रकूट की यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि रैली में बच्चों और बड़ों की सहभागिता से तो ऐसा लगता ही है कि लोग यातायात नियमों को लेकर काफी सजग व जागरूक हैं। उन्होंने बच्चों को सीख दी कि वे स्वयं अनुशासित रहकर अपने बड़ों को भी जागरूक करेंगे। जिले की यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनने के लिए अलग से सीओ यातायात की नियुक्ति इस दिशा में विशेष पहल है। समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब विगत दस वर्षो से भी अधिक समय से यहाँ पर ऐसे कार्यक्रमों में प्रमुखता से सहभागिता देकर सराहनीय कार्य कर रही है इसके लिए संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे व सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

अपर जिलाधिकारी केशव शिवहरे ने कहा कि सबसे ज्यादा मौतें रोड एक्सीडेंट में हो रही हैं। यदि वाहन चलाते समय सावधानी बरती जाऐ तो हम अपने जीवन के साथ सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों को भी बचा सकते हैं। उन्होंने पायनियर्स क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा सरकारी व गैर सरकारी अनुदान लिए बिना विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यो को करना अत्यन्त पुनीत कार्य है। सी.ओ. सीटी सुरेन्द्र चन्द्र रावत और सीओ यातायात देवेन्द्र सिंह ने यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए भावी योजनाओं के बारे में बताया।

संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने संस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था इस जनपद में विगत वर्ष 2000 से कार्यरत है और संस्था सदस्यों के आपसी सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम में सम्पादित किये जाते हैं। यातायात प्रभारी मधुसूदन मिश्र से बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी यातायात माह नवम्बर के समस्त कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे द्वारा संभाली जायेगी। उन्होंने कहा इस आयोजन में चित्रकूट इण्टर कॉलेज, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलेज, सहज गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जेएम बालिका इंटर कॉलेज, ज्ञानभारती इंटर कॉलेज एवं बेकेले जूनियर हाईस्कूल के बच्चों की सहभागिता से रैली निकाली जायेगी।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता व एडीएम केशव दास ने यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यातायात जागरूकता रैली में संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे, सीएमओ डॉ. आरएस परिहार, जिला सूचना सीओ यातायात देवेन्द्र सिंह, सीओ राजापुर सत्यवीर सिंह, पीटीओ प्रमोद कुमार, प्रतिसार निरीक्षक हजारीलाल, ईओ नगरपालिका लालचन्द्र सरोज, उपनिरीक्षक विकास तोमर, दीपक पाण्डेय, प्रभारी कोतवाली विष्णुपाल सिंह, टीएसआई मधुसूदन मिश्र, यातायात पुलिस एचसी महेन्द्र कुमार, को. महेन्द्र सिंह, कां. शकील अहमद, जमाल खान, जगदेव कछवाह, दीपक सिंह, दीपक कुमार, छोटेलाल, त्रिभुवन सिंह, पायनियर्स क्लब के अरूण गुप्ता, डॉ. सीएन सिंह, ओमप्रकाश साहू, शारदा गुप्ता, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, ओम केशरवारी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे ने किया।



यातायात जागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस), एडीएम केशवदास व सीएमओ आरएस परिहार साथ में संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे, सीओ सिटी सुरेश चन्द्र रावत, सीओ राजापुर सत्यवीर सिंह, सूचना अधिकारी एसके कबीर व अन्य



रैली में उपस्थित विद्यालयों के बच्चे



संस्था की सामाजिक क्रियाकलापों की जानकारी देते संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे मंचासीन (दायें से बायें पुलिस अधीक्षक मोहित गुप्ता (आईपीएस) व अन्य अधिकारीगण

दिनांक : 18 फरवरी 2013
समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन सं. यू ए/नैनीताल-01/ 2012-2014

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## बसन्तोत्सव का आयोजन सम्पन्न

### महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी कार्यवाही की मांग



**हापुड़।** पायनियर्स क्लब में महिला समृद्धि द्वारा बसंत के अवसर पर बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. कविता सिंह थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने की। कार्यक्रम में क्लब उपाध्यक्ष कल्पना मल्होत्रा ने कहा कि महिलाओं पर आए दिन हो रहे अत्याचारों को गम्भीरतापूर्वक लेना चाहिए। ये देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है। इसके लिए कानून बनना चाहिए। क्लब की सचिव रुबिना माहेश्वरी ने कहा महिला समृद्धि क्लब समय-समय पर महिलाओं को सशक्त प्रशिक्षण देगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं महिला समृद्धि के साथ सदैव सहयोग प्रदान करूंगी। पाय. रश्मि ने कहा कि जिस प्रकार बसन्त नए रंग लेकर आता है, उसी प्रकार महिला समृद्धि क्लब विविध रूप में महिलाओं को सशक्तिकरण प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में साधना, वैशाली, शशि गर्ग एवं अनिता इत्यादि उपस्थित रहे।











## पायनियर धर्मार्थ औषधालय पीरूमदारा प्रगति की ओर

**रामनगर।** पायनियर क्लब रामनगर द्वारा पीरूमदारा ग्राम में संचालित राजरानी मेहरोत्रा पायनियर्स धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय पीरूमदारा नवनिर्माण के बाद डॉ. सौरव चौहान के नेतृत्व में निरन्तर प्रगति कर रहा है। पिछले तीन महीनों में मरीज संख्या 953, 1281 एवं अभी तक 1450 मरीज लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

पवन सिंह जिनके पैर में भारी एलर्जी थी, औषधालय के इलाज से स्वस्थ हो चुके हैं। लगभग 20 दिन के इलाज से उनका पैर स्वस्थ हो गया है। पवन सिंह ने बताया कि लगातार एलोपैथिक दवाईयाँ व इन्जेक्शन लेकर उनको लाभ नहीं हुआ लेकिन डॉ. चौहान के होम्योपैथिक इलाज से उनका पैर स्वस्थ है एवं अन्य मरीजों ने औषधालय के इलाज पर संतोष व्यक्त किया।

## गरीब बच्चों को जर्सी बांटी

**हापुड़।** इंटरनेशनल पायनियर क्लब मित्र द्वारा बुधवार को गांव धनौरा के प्राथमिक विद्यालय में गरीब छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरदार भूपेन्द सिंह ने कहा हमें गरीब बच्चों की सहायता करनी चाहिए, जिससे उन्हें भी समाज में रहने का अधिकार मिले। कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब बच्चों को जर्सी वितरित की गई है। हमें ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक बीरबाला सिंह ने कहा कि पायनियर क्लब हमेशा गरीब लोगों की सहायता करता है। विशाल सक्सेना ने बताया कि क्लब आगे भी ऐसे कार्य करता रहेगा। अजय बंसल, सुनील कुमार, नितिन जैन, हिमांशु बंसल, पूनम, मदन पाल, अंकित कुमार, हेमंत सोनी व अन्य उपस्थित थे।

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-संतोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इण्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिंटर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।